## 474 मवेशी गोशाला भेजे

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 474 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। शुक्रवार को सात मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

नईदुनिया

26-12-2020

## 467 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 24 दिसम्बर तक 467 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 12 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 24 दिसम्बर तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 467 मवेशियों को पकड़



## मंत्रालय में सुशासन दिवस मनाया गया

स्वतंत्रएलानप्रतिनिधि

रतलाम । पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के एक दिन पूर्व मंत्रालय में सुशासन दिवस मनाया गया। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने मंत्रालय के सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में प्रातः 11 बजे अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई। इसके पूर्व उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण किया। श्री सारंग ने सुशासन के उच्चतम मापदण्डों को स्थापित करने के लिये संकल्पित रहकर शासन को अधिक पारदर्शी,सहभागी,जनकल्याण केन्द्रित और जबावदेह बनाने के प्रयास करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री विनोद कुमार, अपर मुख्य सचिव श्री मलय श्रीवास्तव,प्रमुख सचिव श्री अशोक वर्णवाल,प्रमुख सचिव श्रीमती दीप्ति गौड़ मुखर्जी सहित मंत्रालय,सतपुड़ा एवं विंध्याचल भवन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वतंत्र एलान
26-12-2020

## नगर निगम अधिकारी तथा कर्मचारियों ने ली शपथ



रतलाम। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने निगम सभागृह में शपथ ली।उपायुक्त विकास सोलंकी ने निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदण्डों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित रहूँगा और शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केन्द्रीत तथा जवाबदेह बनाने के लिये हरसंभव प्रयास करता रहूँगा। प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिये सदैव तत्पर रहूँगा। इस अवसर पर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

राज एक्सप्रेस

## सुशासन दिवस पर निगम अधिकारी तथा कर्मचारियों ने ली शपथ



रतलाम। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर 2020 को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने निगम सभागृह में शपथ ली। उपायुक्त श्री विकास सोलंकी ने निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदण्डों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित रहूँगा और शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केन्द्रीत तथा जवाबदेह बनाने के लिये हरसंभव प्रयास करता रहूँगा। प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिये सदैव तत्पर रहूँगा। इस अवसर पर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

इन्दौर समाचार
26-12-2020

# आज दो बत्ती चौराहे पर लगेगा बकाया वसूली शिविर

रतलाम। कोरोना संक्रमण से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण प्राय: रोजगार में कमी, उद्योग-धंधे में गिरावट, सर्विस सेक्टर आदि में शिथिलता परिलक्षित होने के फलस्वरूप निगम से संबंधित करों, उपभोक्ता प्रभार आदि की बकाया राशि एक मुश्त जमा कराने पर अधिभार (पेनल्टी) में 31 दिसंबर तक छूट दी जा रही है। इसके लिए नगर निगम द्वारा वार्ड वार बकाया वसूली शिविर लगाए जा रहे हैं।

नई दुनिया 14/12/2020

नई दुनिया

14/12/2020

# वाटर जार्बिंग बॉल में लुढ़के बच्चे, तीरंदाजी में भी दिखाया उत्साह

## धोलावड़ ईको पर्यटन महोत्सव का पहला दिन, बड़ी संख्या में पहुंचे लोग, पांच जनवरी तक होगा आयोजन

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। धोलावड़ ईको टूरिज्म पार्क में 12 दिवसीय पर्यटन महोत्सव की शुरुआत शुक्रवार से हुई। पहले दिन बड़ी संख्या में शहर व जिले सहित अन्य स्थानों के नागरिक बड़ी संख्या में परिवार सहित धोलावड़ पहुंचे। रोमांचक एवं साहसिक खेलों का लुत्फ उठाया। उत्साह देखते ही बनता था। मोटर बोट में भ्रमण करते हुए लोगों ने धोलावड़ डैम के पानी को निहारा तो तीरंदाजी प्रक्षेत्र में तीरों से निशाने साधने में बच्चों, बड़ों सभी में उत्साह दिखा। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। पर्यटकों ने प्राकृतिक क्षेत्र में साइकिलिंग के अंदाज दिखाए। पेड़ों के मध्य मंकी क्राल का आनंद लिया।



धोलावड़ ईको पर्यटन महोत्सव में तीरंदाजी करती हुई युवती। • नईदुनिया



धोलावड़ ईको पर्यटन महोत्सव के शुभारंभ के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधि। • नईदुनिया

**न्यूनतम शुल्क पर स्वादिष्ट दाल-पानिये की व्यवस्था :** बच्चों के लिए वाटर जार्बिंग बाल से पानी पर लुढ़कने का अलग ही मजा रहा। धोलावड़ में आइलैंड पर टेंट कैंपिंग के लिए बनाए गए वीआइपी तथा साधारण टेंट व्यवस्था के साथ ही पर्यटन महोत्सव में आने वाले व्यक्तियों के लिए न्यूनतम शुल्क पर स्वादिष्ट दाल-पानिये की भोजन व्यवस्था भी की गई है। पर्यटन महोत्सव पांच जनवरी तक चलेगा।

### विधायकों ने किया भ्रमण दिए आवश्यक निर्देश

महोत्सव के शुभारंभ पर शहर विधायक चेतन्य काश्यप, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, पूर्व विधायक संगीता चारेल, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, मनोहर पोरवाल, जयवंत कोठारी, बजरंग पुरोहित, डॉ. विजय चारेल, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण निशिकांत शुक्ला, सहायक अधिकारी अरुण पाठक भी उपस्थित रहे। विधायक काश्यप व मकवाना ने जिला प्रशासन द्वारा धोलावड़ पर्यटन महोत्सव के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

---

## धोलावड़ डेम पर पर्यटन महोत्सव की शुरुआत



रतलाम | धोलावड़ ईको टूरिज्म पार्क में पर्यटन महोत्सव का आगाज शुक्रवार से हुआ। ईयर एंडिंग के चलते लोग यहां मौज मस्ती के लिए पहुंचे और साहसिक खेलों का लुत्फ उठाया। तीरंदाजी प्रक्षेत्र में तीरों से निशाने साधे। यहां बच्चों के लिए वॉटर जार्बिंग बॉल भी लगाई। शुक्रवार से आरंभ धोलावाड़ पर्यटन महोत्सव 5 जनवरी तक चलेगा। यहां व्यवस्थाओं का जायजा शहर विधायक चेतन्य काश्यप एवं ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना ने लिया तथा टेंट कैंपिंग देखी। इस मौके पर कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड, पूर्व विधायक संगीता चारेल, शैलेन्द्र डागा, मनोहर पोरवाल, बजरंग पुरोहित, डॉ. विजय चारेल, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण निशिकांत शुक्ला, सहायक अधिकारी अरुण पाठक भी उपस्थित थे।

---

**मौज-मस्ती का समय** | धोलावाड़ ईको टूरिज्म में शुरू हुआ पर्यटन महोत्सव

# पहले ही दिन बड़ी संख्या में धोलावाड़ पहुंचे लोग

### विधायक काश्यप और दिलीप मकवाना ने देखी व्यवस्था

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. धोलावाड़ ईको टूरिज्म पार्क में शुक्रवार से पर्यटन महोत्सव का आगाज हुआ। पहले ही दिन यहां पर बड़ी संख्या में रतलाम व अन्य स्थानों के लोग मौज-मस्ती के लिए पहुंचे और रोमांचक एवं साहसिक खेलों का लुत्फ उठाया। लोग अपने परिवार सहित धोलावाड़ पहुंचे तो यहां उनका उत्साह देखते ही बनता था। धोलावाड़ में आयोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शहर विधायक चेतन्य काश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी पहुंचे।

शहर विधायक चेतन्य काश्यप व ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना ने जिला प्रशासन द्वारा धोलावाड़ पर्यटन महोत्सव के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा टेंट कैंपिंग देखी। काश्यप ने सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। धोलावाड़ में प्रकृति के सान्निध्य में रोमांचक खेलों का आनंद उठाने के लिए पहुंचे लोगों व बच्चों ने परिवार के साथ मोटर बोट में भ्रमण किया। तीरंदाजी प्रक्षेत्र में तीरों से निशाने साधे। साइकलिंग की तो किसी पेड़ों के मध्य मंकी क्राल का आनंद लिया। बच्चों के लिए वाटर जार्बिंग बॉल से पानी पर लुढ़कने का अपना अलग ही मजा था। बच्चों की खुशी देखते ही बनती थी।



### वीआईपी के साथ साधरण टेंट लगे

धोलावाड़ में आईलैंड पर टेंट कैंपिंग के लिए बनाए गए वीआईपी तथा साधारण टेंट व्यवस्था का भी अवलोकन विधायक काश्यप द्वारा किया गया। पर्यटन महोत्सव 5 जनवरी तक मनाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड, पूर्व विधायक संगीता चारेल, शैलेन्द्र डागा, डॉ. विजय चारेल, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण निशीकांत शुक्ला, सहायक अधिकारी अरुण पाठक भी उपस्थित थे।

# विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाए

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेन्टर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर अलाव जलाये गये।

तैयारी

महापौर के वाहन से लेकर भवन को कर रहे साफ

# निकाय चुनाव से पहले तैयार हो रहा नगर निगम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 26/12/2020

रतलाम. नगर निगम के चुनाव की भले अभी न आचार संहिता लगी है न कोई कार्यक्रम जारी हुआ है, लेकिन नगर निगम ने निकाय चुनाव के बाद नई परिषद से लेकर महापौर को मिलने वाले वाहन की ठोरठार लेना शुरू कर दी है। इसके लिए जहां महापौर को मिलने वाले वाहन की साफ सफाई से लेकर मशीन की जांच हो रही हैं दूसरी तरफ परिषद के भवन को भी रंगाया पुताया जा रहा है। निगम के आला अधिकारियों का मानना है कि जनवरी 2021 में नई परिषद आ सकती है।


निगम के परिषद कार्यालय में हो रही रंगाई पुताई

नगर निगम में परिषद के लिए नए भवन को बनाने के लिए स्थान का चयन करीब चार वर्ष पूर्व हुआ था। हालांकि तब से अब तक नया भवन तो नहीं बना, जो स्थान का चयन किया गया अब वहां पर दमकल कार्यालय नया बनकर तैयार होने का है। इस बीच निगम अधिकारियों ने अब तक जहां पपरिषद सम्मेलन होते रहे उसी हॉल को नया लुक देना शुरू कर दिया है। यहां पर लगी हुई टेबल कुर्सी को तो नया किया ही जा रहा है इसके साथ साथ पूरे भवन की रंगाई पुताई की जा रही है। हालांकि नगर निगम को पूरा ही नया रंग दिया जा रहा है, लेकिन परिषद के हॉल पर अतिरिक्त मेहनत की जा रही है। परिषद के सचिव जेके जोशी के नेतृत्व में प्रतिदिन यहां हो रहे कार्य की समीक्षा भी हो रही है।

नई परिषद जब भी आए, उनको बेहतर व स्वच्छ वातावरण मिले, इसके लिए हमारी तैयारी जारी है। महापौर के वाहन को साफ करना भी इसी कड़ी का हिस्सा है। ,- **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

## इधर महापौर वाहन की देखरेख शुरू

इन सब के बीच महापौर को मिलने वाले वाहन की देखभाल भी शुरू हो गई है। शुक्रवार को वाहन के व्हील में हवा भरने से लेकर इसकी मशीनरी की जांच की गई। वाहन चालक ने इसको शहर में करीब दो किमी चलाकर भी देखा व फीट करार दिया है। महापौर को मिलने वाले वाहन को चुनाव के पूर्व प्रतिदिन गति देने के लिए एक से दो किमी चलाने के निर्देश दिए गए है, जिससे नए महापौर की जैसे ही शपथ हो, उनको वाहन दिया जा सके।

प/त्रिका 26-12-2020

नगर निगम चुनाव : आयोग की तरफ से तारीखों के ऐलान का इंतजार

# टिकट के लिए दावेदार लगाने लगे आका-मोला के पास दौड़

पत्रिका करंट इश्यू

## शहर में दो लाख से अधिक मतदाताओं के नाम सूची में शामिल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 26/12/2020

रतलाम. सभी निकाय चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने कमर कस ली है। खास तौर पर महापौर पद के प्रत्याशी के लिए दोनों दलों से जुड़े नेताओं ने टिकट पाने के लिए जोर आजमाइश शुरू करने के साथ ही अपने आका मौला के पास जाकर भाग दौ? शुरू कर दी है। इतना ही नही दोनों दलों में कई दावेदार ऐसे हैं जो कि टिकट उन्हें ही मिलने की बात करते नजर आ रहे हैं।

रतलाम नगर निगम में महापौर पद के लिए इस बार पिछड़ा वर्ग के प्रत्याशी चुनाव लड़ सकेंगे। इसके लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रमुख दलों में कई नेता अपनी दावेदारी को सबसे मजबूत बता रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि टिकट तो सिर्फ उन्हें ही मिलेगा और वह जीतेंगे भी सही। वहीं दूसरी और पार्टी के आला पदाधिकारियों ने इस संगठन का मामला बताते हुए अभी किसी भी नाम पर मुहर नहीं लगाई है।

### पार्षद पद के प्रत्याशी लगा रहे दौड़

नगर निगम चुनाव को लेकर शहर के 49 वार्ड के वार्ड पार्षद के चुनाव भी होना है जिसके लिए दोनों प्रमुख दलों से जुड़े नेताओं के साथ ही अन्य लोग भी अपना भाग्य आजमाने के लिए दौड़ भाग करने में जुट गए हैं। पार्षद पद के प्रत्याशी गली मोहल्लों में सुबह से लेकर देर रात तक घूम कर लोगों की समस्याओं का पता लगाकर उनके निराकरण के लिए जोर आजमाइश करते नजर आ रहे हैं।

**दो लाख से अधिक मतदाता :** नगरीय निकाय चुनाव में इस बार रतलाम नगर निगम में महापौर और पार्षदों को चुनने के लिए निर्वाचन आयोग की सूची में दो लाख से अधिक मतदाताओं के नाम शामिल है। इनमें महिला और पुरुष मतदाताओं की संख्या लगभग एक समान ही है। दोनों के बीच का अंतर भी काफी कम है। इसके अतिरिक्त थाल अन्य भी मतदाता के रूप में शामिल हैं।

### चुनाव आयोग की तैयारी जारी

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने भी अपनी तैयारी तेज कर दी है और सभी प्रकार की व्यवस्थाओं के लिए निविदाएं भी जारी कर दी है। अब बस चुनाव आयोग की तरफ से तारीखों का ऐलान होना ही शेष है। निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस ने चुनावी तैयारियों तेज कर दी है और शहर से जुड़े जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। बीते कुछ दिनों से कांग्रेस ने चुनाव में बाजी मारने के लिए अलग रणनीति के तहत काम करना शुरू किया है तो वहीं भाजपा भी अपने स्तर पर आमजन के काम कराने के साथ ही लोगों को अपने से जोड़ने में जुटी है।

प/त्रिका 26-12-2020

# 64 दिनों में 102 वॉल्व व 452 पाइप लीकेज की मरम्मत

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए जलप्रदाय ने 64 दिनों में 102 वॉल्व व 452 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया है। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में समस्या को निराकरण कर अपलोड किया जा रहा है। शनिवार को निराला नगर, हिम्मत नगर, हिम्मत विहार कॉलोनी, आदर्श पटवारी कॉलोनी और कस्तूरबा नगर गली नंबर छह में पाइप लाइन लीकेज को सुधारा गया।

12/09/19 दैनिक...

नई दुनिया।

**कैबिनेट लगा सकती है मुहर** • विधायक काश्यप ने नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री से की बात

# रतलाम की 50 अवैध कॉलोनियां होंगी वैध, कानून विभाग ने पास किया ड्रॉफ्ट

### सड़क, पानी, बिजली सहित अन्य विकास कार्य हो सकेंगे, इधर प्रदेश के 40 लाख रहवासियों को मिलेगी राहत

भास्कर संवाददाता | रतलाम

26-12-2020

शहर की 50 सहित प्रदेश की 5000 से अधिक अवैध कॉलोनियां 2021 में वैध घोषित हो जाएंगी। सरकार द्वारा तैयार नए ड्रॉफ्ट को कानून विभाग ने पास कर दिया है। 26 दिसंबर को कैबिनेट मीटिंग है। नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग इसे कैबिनेट में रख मंजूरी ले सकता है। रतलाम की 17 कॉलोनियों को वैध घोषित करवाने वाले विधायक काश्यप ने वैध करने का रास्ता निकाल ड्रॉफ्ट बनवाना शुरू किया था। शनिवार को मंजूरी मिल गई तो पहले से नोटिफाई प्रदेश की कॉलोनियां वैध घोषित हो जाएंगी। शहर के 60 हजार सहित प्रदेश की पांच हजार कॉलोनियों के 40 लाख लोगों को लाभ मिलेगा।

## कोर्ट ने खत्म कर दी थी धारा इसलिए वैध कॉलोनियां अवैध हो गई थीं

2018 में भाजपा सरकार ने नपा कॉलोनाइजर रजिस्ट्रीकरण निर्बंधन तथा शर्तें नियम 1998 की धारा 15 (ए) में कार्रवाई करते हुए प्रदेश की 5000 हजार से ज्यादा अवैध कॉलोनियों को वैध कर दिया था। इनमें मूलभूत विकास कार्य भी चालू हो गए थे लेकिन 3 जून 2019 को न्यायालय ने नपा अधिनियम 1956 की धारा 292-ई के प्रावधान का हवाला देते हुए धारा को शून्य घोषित कर दिया था। इससे वैध हुई सभी कॉलोनियां फिर से अवैध की श्रेणी में आ गई थीं। सरकार बनने के बाद कांग्रेस ने भी कॉलोनियों को वैध करने की तैयारी की थी लेकिन कामयाब नहीं हो पाई थी।

**कॉलोनियों को वैध करने का प्रदेश में रोल मॉडल बना था रतलाम** - प्रदेश में सबसे पहले 2014-15 में विधायक काश्यप ने 17 कॉलोनियों को वैध करवाई थी। विकास कार्य के लिए सरकार से 7 करोड़ मंजूर करवाकर कार्य करवाए। 2017-18 में नगर निगम की प्रक्रिया के आधार पर सरकार ने प्रदेश की 5 हजार से ज्यादा कॉलोनियों को वैध करने की तैयारी की थी।

**नगरीय प्रशासन मंत्री बोले- जल्द बनेगा कानून** - कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया पर लगातार नजर बनाए रखे विधायक चेतन्य काश्यप बुधवार को नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह से बात भी कर चुके हैं। उन्होंने जल्द ड्रॉफ्ट को कैबिनेट में रखकर कानून बनाने की बात कही थी। कांग्रेस सरकार में भी विधायक दो बार विधानसभा में मामला उठाया था, लेकिन सरकार ने कदम नहीं उठाया।

**ड्रॉफ्ट पास-** ▪ *अवैध कॉलोनियों को वैध करने के सरकारी ड्रॉफ्ट को कानून विभाग ने पास कर दिया है। शनिवार को होने वाली कैबिनेट में इसे स्वीकृत मिल सकती है। इसके बाद शहर की सभी 50 कॉलोनियों में रुके हुए विकास कार्य पूरे करवाएंगे।* - **चेतन्य काश्यप**, विधायक

▪ *शहर में सबसे पहले कॉलोनियों वैध हुई थीं इसलिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भेजे थे। विकास कार्य के लिए सभी कॉलोनियों का सर्वे हो चुका है। मंजूरी मिलते ही कार्रवाई शुरू कर देंगे।* - **सुरेशचंद्र व्यास**, सिटी इंजीनियर नगर निगम

दै. भास्कर
26-12-2020.

# गंदगी व मलबा फैलाने पर 11 व्यक्तियों पर जुर्माना

## गंदगी फैलाने वालों पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी

**स्वतंत्र एलान प्रतिनिधि**

रतलाम । नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सख्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने पर दिनेश, साक्षी राठौड़ दौलतगंज पर 500-500 तथा नगर के विभिन्न स्थानों पर फुटकर सब्जी व फल विक्रेताओं द्वारा गंदगी करने पर घनश्याम, ईस्माईल, नवीन, ताराचन्द पर 100-100, जग्गू भाई, लुणाराम, भेरूलाल, राधेश्याम, विनोद कुमार पर 50-50 रूपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान व श्री पर्वत हाड़े आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

स्वतंत्र ऐलान 26-12-2010

---

स्वदेश(?) 26/12/10

# गंदगी व मलबा फैलाने पर 11 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिको को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है

# गंदगी व मलबा फैलाने वाले आठ लोगों से वसूला जुर्माना

नई दुनिया 26-12-2020

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने पर बजाज खाना क्षेत्र में गिरीश गांधी पर 1000, नागेश्वर टेक्सटाइल्स, श्री टेक्स टाइल्स, अंशुल जैन पर 500-500, कारपेट हाउस पर 250 रुपये, चांदनी चौक क्षेत्र में गहना ज्वेलर्स पर 500, अग्रवाल कार्नर पर 250 रुपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाडे आदि द्वारा की गई।

नई दुनिया

26-12-2020

**तैयारी जारी : 29 दिसंबर को आएगा पहला दल**

# स्वच्छता सर्वेक्षण : स्वच्छता के साथ दे रहे कोरोना से बचाओं का संदेश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 26-12-2020

रतलाम. स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के अंर्तगत शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 बनाए जाने के प्रयासों में तेजी आ रही है। हर दिन शहर में कई स्थानों को कचरा मुक्त किया जा रहा है। इन कचरा मुक्त स्थानों पर सफाई मित्र समूह के माध्यम से आकर्षक रांगोली का निर्माण कर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इन्ही प्रयासों के चलते शहर में रांगोली निर्माण व दीपदान कर लोगों को घर व दुकानों में चार डस्टबीन रखने का संकल्प दिलाया गया, साथ कोविड महामारी से बचाव के लिए मास्क का उपयोग व दो गज दूरी रखने का भी संदेश दिया गया। इन सब के बीच 29 दिसंबर को स्वच्छता अभियान अंतर्गत पहला दल आएगा। इसकी तैयारी जोरों पर है।



शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की और से अनोखा प्रयोग किया और कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में शहर को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा डोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

हालाकि शुक्रवार को क्रिसमस का अवकाश था, लेकिन नगर निगम में आयुक्त झारिया के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी दिनभर आगामी 29 दिसंबर को शहर में आने वाले दल की तैयारियों में लगे रहे। अधिकारियों ने बताया कि 29 दिसंबर को गारबेज फ्री सिटी के लिए सर्वे होगा। आने वाला दल शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र, वार्ड नंबर पांच, शहर के मध्यम वर्ग की कॉलोनी व उच्च वर्ग की कॉलोनी में जाएगा। इसके लिए नगर निगम का प्रयास है कि गुलमोहर कॉलोनी, अलकापुरी क्षेत्र में दल को ले जाया जाए।

स्वच्छता में नंबर एक पर आने के लिए हम हर स्तर पर प्रयास कर रहे है। इसमें सभी के सहयोग से ही शहर स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर एक पर आएगा।

**- एमके जैन**, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम

पत्रिका
26-12-2020